राज्य शहरी आजीविका मिषन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail%nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः 858/241/NULM/तीन/2001(SUH) II दिनांक– 27.12.2017

सेवा में,

समस्त परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण
उत्तर प्रदेश।

विषयः–रिट याचिका (सिविल) संख्या 55/2003 एवं 572/2003 ई0आर0 कुमार व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी शहरी निकायों में शहरी बेघरों के सर्वेक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0– 1985/69–1–17–11(रिट)/14टी0सी0 दिनांक 20.12.2017 एवं निदेशक सूडा के पत्र सं0– 1404/कैम्प/नि0सूडा/2017 दिनांक 21.12.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा शहरी बेघरों के सर्वेक्षण की आख्या सभी नगरीय निकायों से समन्वय कर प्राप्त कर प्रत्येक दशा में इस कार्यालय को दिनांक 28.12.2017 तक ई–मेल suhnulmup@gmail.com के माध्यम से एवं विशेष वाहक के माध्यम से एस0यू0एल0एम0 कार्यालय पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में उपलब्ध कराया जाना है।

1. **प्रारूप ग** में निकायवार संकलित आख्या जिसमें सर्वेक्षण में संलिप्त सभी कर्मियों की निकायवार संख्या का भी उल्लेख किया जाना है।
2. संकलित आख्या के साथ–साथ निकाय द्वारा जोन/वार्डवार उपलब्ध करायी गयी विस्तृत आख्या भी संलग्न कर साथ में लायी जायेगी।
3. **प्रारूप घ** पर पूर्व में संचालित विद्यालय भवनों एवं अन्य भवनों का विवरण।
4. वर्तमान में जाड़े के दृष्टिगत शहर में नगरीय निकायों/जिला प्रशासन एवं अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित (सरकारी एवं गैर सरकारी) सभी अस्थाई शेल्टर्स जो टेन्टेज में चलाए जा रहे हों का विवरण भी निम्नानुसार प्राप्त कर आख्या उपलब्ध करायें:–

क्र0 सं0	निकाय का नाम	अस्थाई शेल्टर का लोकेशन	क्षमता	उपलब्ध सुविधायें	संचालन (सरकारी/गैर सरकारी)
1	2	3	4	5	6

5. उक्त के साथ ही शहरी बेघरों को आश्रय में रात्रि विश्राम हेतु चलाये जा रहे जागरूकता/गतिशीलता कार्यक्रमों की रिपोर्ट (यदि सम्भव हो तो रिपोर्ट अंग्रेजी में तैयार करायें) जिसमें आयोजित गतिविधियों का एवं स्थलों के विवरण आदि का

उल्लेख करते हुए अच्छे फोटोग्राफ, अखबारों की क्लिपिंग्स एवं अभियान में प्रयुक्त किये गये पम्पलेट आदि की प्रतियां भी रिपोर्ट के साथ संलग्न करें।

अतः प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दाखिल किये जाने हेतु उपरोक्त 6 बिन्दुओं में उल्लिखित रिपोर्ट प्रत्येक दशा में पूर्व में निर्धारित तिथि 28.12.2017 को अपरान्ह 12.00 बजे तक एस0यू0एल0एम0 कार्यालय, उ0प्र0 को ई–मेल suhnulmup@gmail.com के माध्यम से एवं सभी रिपोर्ट विशेष वाहक के माध्यम से भी हार्ड एवं साफ्ट प्रति में उपलब्ध करायी जाये।

भवदीय

27.12.2017

(डा0 वी0के0 सिंह)
अपर निदेशक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, सूडा उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, डूडा, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त सी0पी0ओ0 / परियोजना निदेशक, डूडा, उत्तर प्रदेश।
5. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डा0 वी0के0 सिंह)
अपर निदेशक